एक नजर

जनसेवा के लिए समर्पित शहर की सरकार : शर्मा

36 लाख रुपए से निर्मित होने वाली सड़क का किया शिलान्यास

सीमा सन्देश संवाददाता

बूंदी। शहर के वार्ड 30 कुएं वाली गली में कुएं से गोविंदम लेब तक 36 लाख रुपए से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन कर शिलान्यास करते हुए मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति मधु नुवाल कहा कि शहर में विकास कार्य लगातार जारी है और चुनाव में जो वादे किए थे वह गतिशीलता के साथ पूरे किए जा रहे हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि शहर की सरकार जन कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है और जनता के भरोसे पर निरंतरता के साथ काम करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य प्रगति पर है। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपसभापति लटूर भाई ने कहा कि नगर परिषद बिना भेदभाव के सभी को साथ लेकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद संदीप यादव, पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, वरिष्ठ पार्षद लोकेश ठाकुर, संजय भूटानी, मानस जैन, नवीन सिंह, महावीर मीणा, शंकर लाल बेरवा, संजय जैन सांवतगढ़, पप्पी नुवाल, जगदीश राजपुरोहित, शिवम गुर्जर, महेश कुमार गुप्ता, जगदीश गुप्ता, पंकज सैनी, ठेकेदार अब्दुल गफ्फार, अशोक चैधरी, कालू लाल सहित वार्डवासी मौजूद थे।

कोटा में होने वाले संकल्प सत्याग्रह को लेकर बांटे पीले चावल

सीमा सन्देश संवाददाता

बूंदी। मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने के लिए पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा 1 अप्रैल शनिवार को प्रातः 11 बजे उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा कोटा में संकल्प सत्याग्रह के तहत कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में तालेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगरूप सिंह रंधावा व तालेड़ा मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली के नेतृत्व में तालेड़ा में पीले चावल बांटकर 1 अप्रैल को संकल्प सत्याग्रह में ज्यादा से ज्यादा कार्यकताओं को उम्मेद सिंह स्टेडियम कोटा पहुंचने की अपील की। कांग्रेस नेता जगरूप सिंह रंधावा ने कहा कि सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की आवाज को दबाया जा रहा है, जिसको कांग्रेस का कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेगा। रंधावा ने कहा कि तालेड़ा उपखंड क्षेत्र के कार्यकर्ता कोटा पहुंचकर केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में आयोजित संकल्प सत्याग्रह में भाग लेंगे। पीले चावल बांटने में राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष गोलू मेघवंशी, एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष शहबाज पठान, तालेड़ा इकाई अध्यक्ष राजेश मेघवाल, संजीव जैन, नवल ऋषि, इकरार पठान, लोकेश मालव, राजू मेव, रिंकू गौतम, अशफाक पठान व आदि मौजूद रहे।

हजारों विद्यार्थी और अभिभावक शामिल हुए मोशन के ओरिएन्टेशन प्रोग्राम में

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटा। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थी में जिद और जुनून जरूरी है। वे बुधवार को मोशन एजुकेशन के द्रोणा कैम्पस में जेईई स्टूडेंटस के ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान संबोधित कर रहे थे। दो सत्र में हुए इस कार्यक्रम में हजारों विद्यार्थी और उनके अभिभावक शामिल हुए। इसमें जेईई परीक्षा को क्रेक करने के टिप्स दिए गए। नितिन विजय ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता में कोचिंग का रोल 20 फीसदी से ज्यादा नहीं है। कोचिंग में पढ़ाया जा सकता है, जरूरी संसाधन दिए जा सकते हैं लेकिन सफलता के लिए विद्यार्थी में जुनून और सजगता जरूरी।

नम्बर कम आए तो चिंता नहीं करें

जेईई डिवीजन के ज्वाइंट डाइरेक्टर रामरतन द्विवेदी ने कहा कि अपने शिक्षकों पर भरोसा करें। आपके लिए जेइइ, एडवांस की तैयारी का भले ही पहला अवसर है लेकिन आपके शिक्षक आपके जैसे हजारों विद्यार्थियों को पढ़ा चुके हैं। इसलिए आप उन पर भरोसा कर सकते हैं। आपको कोई डाउट है तो सवाल जरूर करें। अगर डाउट क्लीयर नहीं किए या पढाई के बेकलॉग हो गया तो आपका हौसला टूट सकता है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में बहुत अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को जब कोचिंग के टेस्ट में नंबर काम आते हैं तो वे निराश हो जाते हैं। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि एडवांस में आपको 22 प्रतिशत अंक भी आए तो आईआईटी प्रवेश मिल जाता है। 300 में से 150 नम्बर लाने वाले भी केवल 20-25 हजार बच्चे ही होते हैं। इसलिए नंबर कम आए तो न स्टूडेंट्स को घबराना है और ना ही परेंट्स को अधीर होना है।

हम कभी सफलता कोई गारंटी नहीं लेते फिर भी हमारा सलेक्शन पर्सेंटेज सबसे बेहतर रहता है। मोशन में बच्चे की सफलता के लिए हम तो प्रयास करते ही हैं, अभिभावकों को सजग रहने और बच्चे को मेहनत करने के लिए भी प्रेरित किया जाता है।

नितिन विजय ने कहा कि जो बच्चा 12 से 15 घंटे रोज फोकस होकर मेहनत करना सीख गया, जिंदगी की कोई सफलता उससे दूर नहीं रह सकती है। अकेडमिक हेड जेईई निखिल श्रीवास्तव ने कोर्स कब शुरू और कब समाप्त होगा, टेस्ट और रिवीजन क्लासेस का शेड्यूल क्या रहेगा, मोशन एजुकेशन की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं, तैयारी के टिप्स और बेहतर परिणाम लाने के बारे में विद्यार्थियों को बताया।

दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा महावीर जयंती पर 2 अप्रेल की रैली का पोस्टर विमोचन

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की बेला में 2 अप्रैल को जैन समाज के सभी घटकों द्वारा आयोजित ऐतिहासिक भव्य अहिंसा पद यात्रा के पोस्टर का विमोचन राजेश जी बिरला द्वारा किया गया साथ में इस अवसर पर दिगम्बर व श्वेताम्बर समाज के सभी घटकों द्वारा यह आयोजन किया गया। रेली में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। पोस्टर के विमोचन में दिगम्बर समाज के विमल जी जैन नांता, विनोद जी टोरड़ी, जी.एम.ए. अध्यक्ष राकेश जैन मड़िया, नरेश जैन, प्रकाश बज, विजय दुगेरिया, मनोज जैसवाल, अनिल ठोरा एवं श्वेताम्बर समाज से भुवनेश जी, ज्ञानचंद जी लोढ़ा, प्रदीप जी बरड़िया, बुद्धिप्रकाश जी, धर्मचंद जी जैन, अशोक जी जैन, संजय बोथरा के द्वारा विमोचन किया गया। 2 अप्रेल को दोनो समाज की भव्य रेली महर्षि गौतम सामुदायिक भवन से प्रातः 7.00 बजे शांति धारीवाल जी हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रेली प्रातः 7.00 बजे मेन रोड़ होती हुई खण्डेलवाल नर्सिंग होम, तलवंडी, जवाहर नगर होते हुए मोदी कॉलेज पहुंचेगी। रास्ते में 108 स्वागत द्वार जैन समाज व अन्य लोगो द्वारा बनायें जायेंगे। जगह जगह रेली का लोगो द्वारा स्वागत किया जायेगा। रेली के रास्ते में सभी लोगो को लड्डू वितरित किये जायेंगे। एमबीएस हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज में मरीजो को फल वितरण किया जायेगा।

रेली में समाज के 3 महिला बैंड एवं 2 अन्य बैंड होंगे। रेली में दोनो समाज की महिलाऐं केसरिया साड़ी तथा पुरूष सफेद वस्त्रों में शामिल होंगी इसके अलावा बच्चें, जैन पाठशालाओं के बच्चे रेली में तख्तियां व बैनर लेकर चलेंगे। मोदी कॉलेज पहुंचकर रेली सभा के रूप में परिवर्तित होगी। महावीर जयंति पर उद्बोधन देकर रेली का समापन होगा।

कोटा बेस्ड ऑनलाइन स्टार्टअप 'अपनी कक्षा' ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के कोर्सेज किए लॉन्च

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटा। देश की प्रतिष्ठित एवं जानी मानी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म स्टार्टअप 'अपनी कक्षा' ने कोटा में प्री-इंजीनियरिंग के कोर्सेस लॉन्च किए है। कोटा बेस्ड स्टार्टअप 'अपनी कक्षा' के फाउंडर अमन धतरवाल ने बताया कि देशभर के स्टूडेंट्स को क्वालिटी एवं अच्छी एजुकेशन को ध्यान में रखते हुए कोटा की सर्वश्रेष्ठ फैकल्टीज की एक टीम बनाई गई है, जिसके अंतर्गत बहुत ही रियायती रेट्स पर देशभर के बच्चों को लाइव क्लासेज प्रदान की जाएगी। ताकि कोचिंग स्टूडेंट्स जेईई मेन एवं जेईई एडवांस्ड के कोर्सेस की तैयारी बहुत ही आसानी से कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस स्टार्टअप का मुख्य उद्देश्य समाज में उन छात्रों के बीच की खाई को पाटना है जो महंगी प्रवेश परीक्षा कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकते है। इसका उद्देश्य रियायती रेट्स पर प्री-इंजीनियरिंग की कोचिंग मुहैया करवाने के साथ आईआईटी फैकल्टी सदस्यों द्वारा तैयार किए गए वीडियो से स्टूडेंट्स का आत्मविश्वास और मजबूत होगा।

डीएफओ के धमकाने से वन कर्मचारियों में रोष व्याप्त

सीमा सन्देश संवाददाता

बूंदी। राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में वन कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। वन कर्मचारियों की ओर से दिए गए ज्ञापन में बताया कि 28 मार्च को खेल एवं युवा मामलात राज्य मंत्री अशोक चांदना द्वारा जिला स्तरीय मीटिंग में उप वन संरक्षक डॉ. टी. मोहनराज के साथ बिना कारण अमयादिम शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि जिस दिन मौका मिल गया एक ही दिन में जान निकाल लूंगा, ऐसे अभद्रता पूर्ण शब्दों का प्रयोग किया गया जो एक मंत्री को शोभा नहीं देता। कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि राजनीतिक नेताओं का दबाव एक आईएफएस अधिकारी के साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है तो फील्ड कर्मचारियों के साथ क्या हो सकता है। ऐसे में फील्ड स्टाफ के दबाव में कैसे काम करेगा। राजनीति का बार-बार हस्तक्षेप के कारण कर्मचारी का कार्य करना मुश्किल हो सकता है। ज्ञापन में उपवन संरक्षक टी. मोहनराज के साथ अभद्रता व धमकी के विरोध में कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने खेल मंत्री से अपने शब्दों के लिए क्षमा मांगने की बात कहते हुए उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

कोटा की धरती पर रचा इतिहास

विश्व के सबसे बड़े घंटे ने बनाए 5 वर्ल्ड बुक रिकार्ड

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटा। चम्बल रिवर फ्रंट पर बन रहे दुनियां के सबसे बड़े घंटे ने बनने से पहले ही 5 वर्ल्ड रिकार्ड बनाकर इतिहास रच दिया है इसके साथ ही इस घंटे को बना रहे इंजीनियर देवेंद्र कुमार आर्य एशिया के पहले ऐसे व्यक्ति बन गए हैं जिन्होंने एक साथ 5 बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाये हैं ।

स्टील मेन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात इंजीनियर देवेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि कोटा की धरती पर भी पहली बार 5 वर्ल्ड रिकार्ड एक साथ बने हैं । उन्होंने बताया कि अभी तक ये घंटा विश्व की पहली जोइंटलेस चैन (इन एज कास्ट कंडीशन) ,विश्व का सबसे बड़ा 3ऊ फाइबर प्रोडक्ट , विश्व का सबसे ऊंचा जर्मन हेंगर (फेब्रिक कोटेड) , 35 आयल फायर्ड वर्किंग फर्नेस अंडर वन रूफ आफ 2200 ॅ ईच , तथा विश्व का सबसे बड़ा ग्रीन सिलिका सेंड मोल्ड (बाय ड्राई प्रोसेज ऑफ 2200 मेट्रिक टन) नामक 5 बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर लिए हैं । इस अवसर पर देवेंद्र आर्य ने दावा किया कि अभी घंटे की कास्टिंग होने तक कई और वर्ल्ड रिकार्ड कोटा की धरती पर बनने वाले हैं ।

इंजी. देवेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि चंबल रिवर फ्रंट पर दुनिया की सबसे बड़ी घंटी को ढालने की तैयारी हो चुकी हैं। 75 हजार किलो वजनी यह घंटी 35 भट्टियों में पीतल को गलाकर ढाली जाएगी। इसके लिए पीतल को यहां लाया जा चुका है । इंजीनियर आर्य ने बताया कि यह घंटी 30 फीट ऊंची और 28 फीट चौड़ी होगी। घंटी के साथ लगी इस चेन भी अब तक की सबसे बड़ी ज्वॉइंटलैस चेन है। अब इसके सहारे विभिन्न धातुओं के मिश्रण (कास्टिंग अलॉय) को घंटी के आकार में ढालकर दुनिया की सबसे बड़ी घंटी को आकार दिया जाएगा। घंटी बजाने के लिए दुनिया की सबसे लंबी साढ़े छह मीटर की 400 किलो वजनी ज्वाइंटलैस रिंग चैन तैयार कर ली गई है। इसकी विशेषता यह होगी कि घंटी बजाते समय भी चैन अलग आवाज नहीं करेगी। घंटी की गूंज करीब आठ किलोमीटर दायरे में सुनी जाएगी। इंजीनियर देवेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि घंटी को महज 15 मिनट के भीतर ही ढालना होगा। 2200 किलो धातुओं को एक साथ ढालने के लिए 35 विशेष भट्टियां बनाई गई हैं। इसमें ढली धातुओं को चार विशेष पात्रों से सांचे तक पहुंचाया जाएगा। जिनकी टेस्टिंग कर ली है। अगले महीने घंटी की ढलाई की जाएगी। तैयार घंटी सुनहरी नजर आएगी, जो समय के साथ चमकीली होती जाएगी।

वातानुकूलित वाटर डिस्पेंजर किया भेंट

सीमा सन्देश संवाददाता

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली केसर बाग पुलिस चौकी बजरंगगढ़ चौराहा को ग्रीष्म ऋतु में पुलिस कर्मियों के साथ आमजन को शीतल जल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वातानुकित वाटर डिस्पेंजर समिति अध्यक्ष अतुल पाटनी के नेतृत्व में भेंट किया गया ।

महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि कोतवाली थाना अधिकारी देवाराम गोदारा के मुख्य आथित्य में चौकी प्रभारी सुखपाल सिंह एवं समस्त चौकी स्टाफ को यह सेवा समिति संरक्षक राकेश पालीवाल, अध्यक्ष अतुल पाटनी, महामंत्री कमल गंगवाल एवम प्रवक्ता संजय जैन विजय जैन पांड्या के सहयोग से भेंट करवाई गई ।

अध्यक्ष अतुल पाटनी ने इस अवसर पर बताया कि समिति द्वारा धार्मिक कार्य के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के अंतर्गत स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सेवा दी जा रही है।

पंडित सोहन नाथावत द्वारा मंत्रोचार के साथ पूजा पाठ कर शुभ का उच्चारण करते हुए डिस्पेंजर का उपयोग सभी के लिए उत्तम हो की कामना की । इससे पूर्व चौकी प्रभारी सुखपाल सिंह सहित मोजूद चौकी स्टाफ ने समिति सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

सीएचओ के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शिविर का समापन

सीमा सन्देश संवाददाता

बूंदी। सीएचओ के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह बुधवार को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 15 दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के अंदर होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई गई योजनाओं को धरातल पर सही तरह से संचालन किया जा सके व आमजन को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा सके इस उद्देश्य के साथ प्रशिक्षण के समापन सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर और डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश, आरसीएचओ डॉ. पीसी मीणा और डीपीएम राहुल माथुर का स्वागत किया गया।

शिविरार्थियों को सीएमएचओ द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मो. सादिक, अशोक गुर्जर, खुशीराम गुर्जर, दारा सिंह सीएचओ आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी अतुल जैन सीएचओ ने दी।

केकड़ी में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम 2 मार्च को

सीमा सन्देश संवाददाता

केकड़ी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल केकड़ी के द्वारा आगामी 2 अप्रैल को त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । नगर मंत्री रोहित राठी ने बताया कि 2 अप्रैल रविवार को केकड़ी के सापुनदा रोड स्थित पटेल आदर्श विद्या निकेतन आर्य समाज के परिसर में लगभग 1100 बजरंग दल के कार्यकताओं को त्रिशूल दीक्षा दी जाएगी इसके अंतर्गत शिवम वाटिका में बैठक आयोजित की जिसमे संघटन के सभी कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां बांटी गई । त्रिशूल दीक्षाथीयो का पंजीयन किया जा रहा त्रिशूल दीक्षा के लिए 15 वर्ष से 40 वर्ष तक के युवक व युवतियां अपना पंजीयन करा सकते है।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष चांदमल जैन व हीराचंद खुटेटा, जिला सत्संग प्रमुख काशीराम विजय, प्रखंड मंत्री दिनेश वैष्णव नगर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश विजय, नगर मंत्री रोहित राठी , नगर उपाध्यक्ष ज्ञानदेव शर्मा व देवेंद्र सिंह, नगर सहमंत्री महावीर वैष्णव एवम बजरंग दल के प्रखंड संयोजक रामअवतार चौधरी, जिला बल उपासना प्रमुख सिंटू साहू, बजरंग दल कार्यकर्ता दशरथ जाट, अमन टेलर अजय राव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संकल्प सत्याग्रह : संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम 31 को

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रभारी रंधावा सहित कई दिग्गज नेता करेंगे संबोधित

सीमा सन्देश संवाददाता

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी निदेर्शानुसार आयोजित संकल्प सत्याग्रह अजमेर संभाग स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम 31 मार्च को सिविल लाइन्स स्थित जवाहर स्कूल प्रांगण में किया जाएगा ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड ने पत्रकारों को बताया कि संवाद कार्यक्रम में राजस्थान की यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, गुजरात कांग्रेस के प्रभारी डॉ रघु शर्मा, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, राजस्थान बीज निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धीरज गुर्जर, महेंद्र चौधरी सहित कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। निगम अध्यक्ष राठौर ने बताया कि केंद्र की भ्रष्ट मोदी सरकार विपक्षियों को कुचल कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना उन्हें गवारा नहीं है। कांग्रेस का कार्यकर्ता ना डरा है ना डरेगा और ना ही झुकेगा। संसद से सड़क तक कांग्रेसका कार्यकर्ता भाजपा की देश विरोधी नीतियों का जमकर विरोध करेगा।

उन्होंने बताया कि संकल्प सत्याग्रह के तहत संवाद कार्यक्रम में अजमेर, नागौर, भीलवाड़ा एवं टोंक के विधायक ,विधायक प्रत्याशी कांग्रेस अध्यक्ष निवर्तमान अध्यक्ष एआईसीसी मेंबर पीसीसी मेंबर ब्लॉक अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष बोर्ड एवं कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं सदस्य, विधायक प्रत्याशी, सांसद एवं सांसद प्रत्याशी, जिला प्रमुख, जिला परिषद के सदस्य, प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, मेयर, सभापति, अध्यक्ष नगर निकाय, पार्षद, पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद पूर्व जिला प्रमुख, जिले के प्रभारी मंत्री, जिले के संगठन प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। निगम अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन एवं देहात कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व विधायक डा श्रीगोपाल बाहेती, रामनारायण गुर्जर, महेंद्र सिंह रलावता, पूर्व मेयर कमल बाकोलिया, हाजी इंसाफ अली, महेश चौहान, शिव बंसल, नोरत गुर्जर, जय शंकर चौधरी, हेमंत जोधा, द्रोपदी कोली, कपिल सारस्वत, लक्ष्मी बुंदेल, मनीष सेन सहित कई नेताओं ने आज कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आज अजमेर शहर एवं अजमेर देहात कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं एवं पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया।

POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय: 602, छठा तल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर संख्या 79/1, घोरपडी, मुंढवा रोड, पुणे - 411036
ब्रांच ऑफ यूनिट: 1 फ्लोर, 1-सी-18, स्वीट मोमेंट्स बिल्डिंग, शीला चौधरी हॉस्पिटल रोड, तलवंडी कोटा-324005 (राजस्थान)

ई- नीलामी बिक्री सूचना

सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति बिक्री की ई नीलामी विक्रय सूचना

एतद्द्वारा आमजन और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/जमानतदारों को यह सूचित किया जाता है कि मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जिसका नाम अब निगमन प्रमाणपत्र के द्वारा पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ('पीएचएफएल') कर दिया गया है, के पास बंधक निम्नलिखित सम्पत्तियों, जिनका कब्जा सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4)/14 के तहत पीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है; को लागू ब्याज, प्रभारों और लागतों आदि सहित पीएचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लेखित शर्तों के अनुसार ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। निम्न वर्णित संपत्ति प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8 और 9 के तहत 'जैसा है, जहां है, वहां जो कुछ भी है और बिना रिकोर्स आधार' पर बेची जाएगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया पीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.poonawallahousing.com में दिए गए लिंक पर जाएं।

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	डिमांड नोटिस तिथि और बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	सम्पत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (इ)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा कराने की तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
ऋण सं. एचएल/0199/एच /15/10 0008 अनीसा बेगम (ऋणधारक) मोहम्मद शफीक, मोहम्मद शफीक हाजी जान मोहम्मद (सह ऋणधारक)	नोटिस तिथि : 23/11/2021 कुल बकाया : 20/11/2021 के अनुसार देय रु. 1812174 रुपये (अठारह लाख बारह हजार एक सौ चौहत्तर रुपये मात्र) व भुगतान तक ब्याज @13.30% प्रति वर्ष सहित	भौतिक	खसरा सं. 897, पट्टा संख्या 435, ग्राम- सुकेत, पंचायत समिति खैराबाद, जिला कोटा (राज.) कोटा पिन 32653 स्थित सम्पत्ति जो बंधक सम्पत्ति है के समस्त खण्ड व हिस्से।	रु. 23,18,925/- (रुपये तेईस लाख अठारह हजार नौ सौ पच्चीस मात्र)	रु. 2,31,892.5/- (रुपये दो लाख इकत्तीस हजार आठ सौ बानवे व पैसे पांच मात्र)	04-05-2023 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	28-04-2023 (11 एएम 4 पीएम)	05-05-2023 (11 एएम 2 पीएम)	निल

खरीद और बिक्री पर विवरण और पूछताछ के लिए, श्री इकबाल आलम से +91 9958195453 पर संपर्क करें

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे PHFL शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को अनिवार्य रूप से ई-बोली के लिए खुद को पंजीकृत करना होगा, और नीचे उल्लिखित नीलामी सेवा प्रदाता के वेब पोर्टल https://DisposalHub.Com पर ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा और अग्रिम रूप से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। **मैसर्स नेक्स्सेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड - #203, द्वितीय तल, श्री श्याम पैलेस, सेक्टर: 4 और 5 क्रॉसिंग, रेलवे रोड, गुरुग्राम 122 006 (संपर्क नंबर +91 93100 29933/+91 98100 29926 / +91 124 4 233 933)**, ग्राहक सेवा प्रदाता (सीएसडी) सेल नं. (मो) +91 93100 29933/+91 98100 29926 (टेलि.) +91 124 4 233 933. **ईमेल आईडी:- CSD@DisposalHub.Com** पर सम्पर्क करें। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 'पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड', आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है। **खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससी कोड- ICIC0000006**, 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 04/05/2023 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया। वेब पोर्टल पंजीकरण के बाद, इच्छुक बोलीकर्ता/क्रेता को अपलोड किए गए बोली दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **अधिकृत अधिकारी श्री दिलीप सिंह यादव, पता-पहला तल, 1-सी-18, स्वीट मोमेंट्स बिल्डिंग, शीला चौधरी हॉस्पिटल रोड, तलवंडी कोटा-324005 (राजस्थान) को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित प्रति भेजने की आवश्यकता है। मोबाइल नंबर +919828334662, ई-मेल आईडी: dilip.yadav@poonawallahousing.com.**

स्थान: कोटा(राज.)
दिनांक: 30.03.2023

प्राधिकृत अधिकारी पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)